RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 133 | SATURDAY DATE 06-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

उद्घाटन तो मुफ़्त में, हो जाता सरकार।
मगर बनाने के लिए, फंड बड़ा दरकार।
फंड बड़ा दरकार, कहां से यह आयेगा।
गड्ढे भरकर पुनः, सड़क फिर बनवायेगा।
कह साहिल कविराय, निगम है पूरा ठन-ठन।
बनने में धन लगे, मुफ़्त में हो उद्घाटन।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## संक्षिप्त खबरें

### कोफोर्ज ने राजधानी में शुरू की अपनी चौथी पब्लिक लाइब्रेरी

नयी दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी के वसंत कुंज में शुक्रवार को ए आई-नेटिव इंजीनियरिंग सर्विसेज की कोफोर्ज पब्लिक लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। कंपनी की विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी की चौथी और राजधानी में यह तीसरी पब्लिक लाइब्रेरी है। यह कंपनी के कॉर्पोरेट रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) का अभियान है। इस मौके पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक सुधीर सिंह भी मौजूद थे। इस अवसर पर शिक्षाविद, वरिष्ठ नागरिक और बच्चे और स्थानीय लोग भी मौजूद थे। इस लाइब्रेरी में 10,000 वर्गफुट का रीडिंग स्पेस और 15,000 से अधिक लोकप्रिय टाइटल्स का कलेक्शन है। यहां इंग्लिश और हिंदी में फिक्शन, नॉन-फिक्शन, बच्चों के साहित्य, सेल्फ-हेल्प, बिजनेस, आध्यात्मिकता, कला, टेक्नोलॉजी, फोटोग्राफी, कविता आदि शैलियों में साहित्य उपलब्ध है।

### अन्नामलाई का भाजपा से इस्तीफा, पार्टी ने किया स्वीकार

नयी दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून । भारतीय जनता पार्टी की तमिलनाडु ईकाई के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है और पार्टी ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी के पूर्व तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष श्री अन्नामलाई के पार्टी की प्राथमिक सदस्यता छोड़ने के पत्र को स्वीकार कर लिया है। गौरतलब है कि श्री अन्नामलाई इसी सप्ताह दिल्ली आये थे और उन्होंने यहां गृहमंत्री अमित शाह समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी।

### भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, मेटल और आईटी में रही बिकवाली

मुंबई, यूटर्न/ 05 जून । भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 116.67 अंक या 0.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74,243.34 और निफ्टी 49.85 अंक या 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,366.70 पर था। बाजार पर दबाव बनाने का काम मेटल और आईटी स्टॉक्स ने किया। सूचकांकों में निफ्टी मेटल में 1.60 प्रतिशत और निफ्टी आईटी में 0.99 प्रतिशत की कमजोरी देखी गई। इसके अलावा निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी ऑयलएंडगैस, निफ्टी पीएसई, निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग और निफ्टी इन्फ्रा लाल निशान में बंद हुआ।



# देश की कुल ग्रीन एनर्जी का पांचवां हिस्सा गुजरात से आता है : पीएम मोदी

» सूरत, यूटर्न/ 05 जून ।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात को देश की हरित ऊर्जा क्रांति का अग्रदूत बताया। उन्होंने कहा कि इस सदी की शुरूआत में गुजरात ने नवीकरणीय ऊर्जा के लिए अलग सरकारी विभाग बनाया था। पाटन जिले के चारंका गांव में देश का पहला सोलर पार्क स्थापित किया गया, जिसने भारत के नवीकरणीय ऊर्जा अभियान को नई दिशा दी।

पीएम मोदी ने बताया कि आज भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 250 गीगावॉट तक पहुंच चुकी है। इसमें अकेले गुजरात का योगदान 50 गीगावॉट है यानी देश की कुल ग्रीन एनर्जी का पांचवां हिस्सा गुजरात से आता है। सौर ऊर्जा उत्पादन में गुजरात ने उल्लेखनीय कार्य किया है और अब ग्रीन हाइड्रोजन तथा ग्रीन अमोनिया जैसे भविष्य के क्षेत्रों में भी राज्य की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होने वाली है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 12 वर्षों में 'वेस्ट टू वेल्थ' यानी कचरे से संपदा बनाने का एक बड़ा जनआंदोलन शुरू हुआ है, जिससे शहर अधिक स्वच्छ और हरित बने हैं। उन्होंने बताया कि सूरत को आने वाले कई दशकों तक पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए तापी बैराज परियोजना को मंजूरी दी गई है।

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने लोगों से की अपील

# कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून ।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली की हवा को शुद्ध और पर्यावरण संरक्षण के लिए दिल्लीवासियों से सहयोग की अपील की। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सीएम ने कहा कि दिल्ली को बेहतर दिल्ली बनाने के लिए सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करना चाहिए। कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पर्यावरण संरक्षण कि दिशा में 15 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

सीएम ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर हम मेगा प्लांटेशन ड्राइव और 18 नमो ऑक्सीजन पार्कों के उद्घाटन के साथ स्वच्छ, ग्रीन और स्वस्थ दिल्ली मिशन को जन अभियान बना रहे हैं। मैं सभी दिल्लीवासियों से आग्रह करती हूं कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ें और एक पौधा अवश्य लगाएं। आइए, मिलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए दिल्ली को और स्वच्छ,



हरित और स्वस्थ बनाएं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नमो ऑक्सीजन पार्क के उद्घाटन के दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हम सब मिलकर 18 नमो ऑक्सीजन पार्कों के लिए पौधारोपण अभियान शुरू कर रहे हैं। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आज 18 जगहों पर 18 नमो ऑक्सीजन पार्क शुरू होने से दिल्ली के लोगों को बहुत मदद मिलेगी। ये पार्क न सिर्फ ऑक्सीजन का लेवल बढ़ाएंगे, बल्कि देसी पेड़ों की प्रजातियां लगाकर पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का विजन दिल्ली में लगभग 100 ऑक्सीजन पार्क विकसित करने का है। आज इस मंच से शुरू की जा रही पहल में 18 नमो पार्क शामिल हैं, जो दिल्ली सरकार के 100 ऑक्सीजन जोन बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में पहला कदम है। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मैं बताना चाहता हूं कि दिल्ली को लगातार बढ़ता हुआ ग्रीन कवर इस बात की साक्षी है कि दिल्ली सरकार दिल्ली के लोगों के लिए पर्यावरण और स्वच्छ हवा के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुझे यह बताते हुए बड़ा हर्ष हो रहा है कि पिछले 12-15 वर्षों तक दिल्ली को फॉरेस्ट एरिया बनाने का जो मुद्दा लंबित पड़ा था, उसमें कोई ठोस प्रगति नहीं हो पाई थी। मुख्यमंत्री ने एक बहुत बड़ा और साहसिक कदम उठाते हुए दिल्ली की लगभग 11,000 एकड़ भूमि, जो कब्जे और अतिक्रमण की चपेट में थी, का नोटिफिकेशन जारी कर उसे फॉरेस्ट घोषित किया है।

## खूबसूरत पर्यटन स्थल को करोड़ों पेड़ काटकर किया जा रहा है बर्बाद : राहुल

नयी दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ग्रेट निकोबार परियोजना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि देश के सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों में से एक ग्रेट निकोबार परियोजना के लिए करीब 1.5 करोड़ पेड़ काटकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर इस क्षेत्र की खूबसूरती को बर्बाद किया जा रहा है। श्री गांधी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा 'मैं भारत के दक्षिणतम छोर इंदिरा प्वाइंट गया। वहां सदियों पुराने वृक्षों के बीच चहल कदमी की, समृद्ध समुद्री जीवन और जैव विविधता से भरपूर प्रवाल (कोरल रीफ) भित्तियां और वहां रहने वाले लोगों से बातचीत भी की। जनजातीय समुदायों की जमीन वनाधिकार कानून का उल्लंघन कर छीनी जा रही है और इन द्वीपों पर बसाए गए अनेक पूर्व सैनिकों को भी उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है।



## सरकार और सेबी की लापरवाही से हुआ 15 लाख करोड़ रुपये का घोटाला : पवन खेड़ा

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून ।

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसी नियामक संस्थाओं की निष्क्रियता के कारण देश में निवेश का माहौल प्रभावित हो रहा है और निवेशकों का भरोसा कमजोर पड़ रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन



खेड़ा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि इस वजह से देश से हर घंटे करीब 400 करोड़ रुपये का निवेश बाहर जा रहा है। सेबी की कथित लापरवाही के कारण 15 लाख करोड़ रुपये के घोटाले को समय रहते नहीं रोका जा सका और संबंधित एजेंसियों ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की।

## दिल्ली में 18 नमो ऑक्सीजन पार्कों की शुरूआत, इसी वर्ष लगेंगे 15 लाख पेड़

नयी दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून । पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 18 नमो ऑक्सीजन पार्कों का उद्घाटन करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कई पर्यावरणीय पहल शुरू की। श्री यादव ने यहां मैदनगढ़ी स्थित नमो ऑक्सीजन पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता में कमी और भूमि क्षरण मानवता के समक्ष तीन बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियां हैं और इन चुनौतियों के बीच भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व के कारण ही देश ने सौर ऊर्जा, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस तथा रामसर आर्द्रभूमि स्थलों के विस्तार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी आवश्यक बताते हुए उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख किया और कहा कि यह अभियान वृक्षारोपण को जन-आंदोलन में बदलने में सफल रहा है। उन्होंने नागरिकों से पौधारोपण के साथ-साथ पेड़ों के संरक्षण और देखभाल की भी अपील की।



# कोई टोंटी चोरी कर रहा, कोई पानी बहा रहा, ऐसे लोगों को टोकें : सीएम योगी



» लखनऊ, यूटर्न/ 05 जून ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिकों से प्रकृति व जलस्रोतों को नुकसान पहुंचाने वाले भूमाफिया, वन माफिया, खनन माफिया व स्मगलरों के प्रति सजग रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सजग नागरिकों का दायित्व है कि मातृभूमि के प्रति दायित्वों का निर्वहन करें।

सीएम योगी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेशवासियों को पांच संकल्प भी दिलाए। इसमें एक पेड़ मां के नाम लगाना, शरारती तत्वों व जीव-जंतुओं से पेड़ों की सुरक्षा, जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करना और प्रकृति के अनुरूप जीवन शैली अपनाना शामिल है। उन्होंने कटाक्ष किया कि कोई टोंटी चोरी कर रहा है, कोई पानी बर्बाद कर रहा है, ऐसे लोगों को टोकें। जल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएं, कोशिश हो कि पानी व्यर्थ न हो।

उन्होंने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'उत्तर प्रदेश में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान' संगोष्ठी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने यहां प्रदर्शनी का अवलोकन किया, बच्चों को चॉकलेट दीं और आमजन को कपड़े के झोले देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने बच्चों के साथ सेल्फी ली और वृक्ष कलश में जल भी अर्पित किया। मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन में कहा कि जल है तो कल है, वन है तो जीवन है, यानी जीवन चक्र एक-दूसरे के साथ जुड़ा है।

# त्रिपुरा हो या फिर बंगाल-बिहार

## हम जनसांख्यिकीय बदलाव नहीं होने देंगे : शाह

» त्रिपुरा, यूटर्न/ 05 जून ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को त्रिपुरा में भारत-बांग्लादेश सीमा पर लंकामुरा बॉर्डर आउटपोस्ट पर बीएसएफ जवानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा फ्रंटियर हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। चाहे त्रिपुरा हो या बंगाल या फिर बिहार, हम जनसांख्यिकीय बदलाव नहीं होने देंगे। यह हमारा अटूट संकल्प है। अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ के पास पाकिस्तान बॉर्डर और बांग्लादेश बॉर्डर सीमाओं की सुरक्षा का जिम्मा है। इतने विस्तृत बॉर्डर पर हर सीमा की एक अलग प्रकार की चुनौती है। कहीं नशे का व्यापार है, कहीं 'मन ट्रैफिकिंग' का सवाल है, कहीं हथियारों की स्मगलिंग का सवाल है, कहीं पर ड्रग्स की तस्करी और नकली करेंसी की तस्करी होती है। हर सीमा के अपने अलग-अलग प्रश्न हैं। हमने तय किया है कि बीएसएफ जहां-जहां पर है, वहां स्मार्ट बॉर्डर का निर्माण करना है और एक चतुष्कोणीय सुरक्षा रणनीति के तहत स्थानीय प्रशासन को साथ में रखते हुए तथा टेक्नोलॉजी और जवानों का सहयोग लेते हुए सीमाओं को अभेद्य बनाना है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा कहता हूं कि यदि किसी आवास में लगी एक ट्यूबलाइट भी मेरे सीमा प्रहरियों की सुविधा बढ़ाती है तो उसके लिए भी मैं समय देने को तैयार हूं। इसी भावना के साथ हमने सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों की सुविधाओं और सुरक्षा की चिंता की है।



# भारत विकास परिषद गायत्री शाखा बरवाला द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पर्यावरण संरक्षण अभियान का आयोजन

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 05 जून ।विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा बरवाला द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान का आयोजन शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नया गांव में किया गया। शाखा अध्यक्ष पवन शर्मा और सचिव राजेंद्र भट्ट ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा



प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा।इस कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण, भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, वृक्ष लगाओ तथा प्रदूषण मुक्त भारत जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आकर्षक पोस्टरों एवं प्रभावशाली भाषणों ने उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कविराज सत्यभूषण बिंदल और राजकुमार गर्ग ने कविताओं के माध्यम से बच्चो को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि बढ़ता प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन आज मानवता के सामने गंभीर चुनौती बन चुके हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाए।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में भाविप शाखा अध्यक्ष पवन शर्मा, शाखा सचिव राजेन्द्र भट्ट एवं शाखा पर्यावरण गतिविधि संयोजक रमेश चन्द्र सिंगला के साथ जिले सिंह जाखड़, टेकचंद मुदगल, जिले सिंह का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों का धन्यवाद व्यक्त किया और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आ'ान किया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत संगम : कृष्णलाल पंवार

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यु-टर्न 5 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्णलाल पंवार ने मडलौडा स्थित अपने आवास पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा, एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने अपनी माताओं के सम्मान में एक-एक पौधा लगाने तथा उसके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया।



पौधारोपण के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कृष्णलाल पंवार ने कहा कि मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती है। जिस प्रकार मां हमें जन्म देकर हमारा पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार वृक्ष भी मानव जीवन को सुरक्षित और समृद्ध बनाने का कार्य करते हैं।

इसलिए मां और प्रकृति दोनों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का सबसे सुंदर माध्यम एक पौधा लगाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में चलाया जा रहा एक पेड़ मां के नाम अभियान आज एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने और भावनात्मक रूप से जोडने का भी कार्य कर रहा है।

मंत्री पंवार ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण, भूजल स्तर में गिरावट और बढ़ते तापमान जैसी चुनौतियां पूरी दुनिया के सामने गंभीर समस्या बनकर खड़ी हैं। इन चुनौतियों का सबसे प्रभावी समाधान अधिक से अधिक वृक्षारोपण और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण है। उन्होंने कहा कि एक विकसित और समृद्ध हरियाणा के निर्माण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसे वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल करनी चाहिए। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और नियमित देखरेख भी उतनी ही आवश्यक है। यदि प्रत्येक नागरिक अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने का संकल्प ले, तो आने वाले वर्षों में हरियाणा और देश का पर्यावरण और अधिक स्वच्छ एवं हराभरा बन सकता है। विकास एवं पंचायत मंत्री ने युवाओं से विशेष रूप से आ'ान करते हुए कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में बढ़-चढकर भाग लें और सोशल मीडिया तथा जनसंपर्क के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ें।

उन्होंने कहा कि आने वाली पीढियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और हरित वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मंत्री पंवार ने कहा कि हरियाणा सरकार गांवों और शहरों में हरित क्षेत्र बढ़ाने, जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण व सनातन संस्कृति का वह अनमोल उपहार है योग : सैनी

## सैनी ने श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

» अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 05 जून। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग हमारी सनातन संस्कृति का वह अनमोल उपहार है, जो हमारे ऋषियों-मुनियों ने पूरी मानवता के कल्याण के लिए दिया है। भारत की हजारों वर्षों पुरानी योग परंपरा आज पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है। एक समय था जब योग केवल आश्रमों और गुरुकुलों तक सीमित माना जाता था, लेकिन आज विश्व के लगभग हर देश में योग किया जा रहा है। यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण है।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण और महिला छात्रावास के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सबसे पहले श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया। इसके साथ ही सभी गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों व आम नागरिकों ने भी लगभग 101 पौधे रोपित किए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 9 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र कम मल्टीपर्पज हॉल का उद्घाटन किया और करीब 8 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले बहुमंजिला महिला छात्रावास का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने आयुष यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों का स्टाइफंड को जल्द बढ़ाने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के गीत को लॉच किया, विश्वविद्यालय की रिसर्च जनरल, पीएचडी शोध कार्य से संबंधित शोध गंगा पोर्टल सहित दो पुस्तकों का विमोचन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलगुरु प्रो. करतार सिंह धीमान ने शॉल उड़ाकर, औषधीय पौध व भगवान धन्वंतरि के स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया। इसके अलावा प्रशासन की तरफ से पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा सहित अन्य मेहमानों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आयुष विश्वविद्यालय के कार्यक्रम के उपरांत अखंड गीता पीठ शाश्वत सेवाश्रम ट्रस्ट में महामंडलेश्वर डा. स्वामी शाश्वत नंद गिरी महाराज द्वारा आयोजित संपूर्ण सुंदरकांड पारायण एवं प्रवचन समारोह में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र भारत की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। यह वह भूमि है, जहां भगवान श्रीकृष्ण जी ने श्री अर्जुन के माध्यम से मानव मात्र को कर्म, ज्ञान और योग का अमर संदेश दिया था। उन्होंने गीता में योग के बारे में कहा है कि योगः कर्मसु कौशल अर्थात योग से कर्मों में कुशलता आती है।

# मोबाइल चोर गिरोह का पदार्फाश, 15 लाख रुपए कीमत के 67 चोरी के मोबाइल और लैपटॉप बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



**नोएडा, यूटर्न/ 05 जून ।** नोएडा के फेस-1 थाने की पुलिस ने मोबाइल चोरी और स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को पुलिस हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 67 मोबाइल फोन, छह मोबाइल फोन के फोल्डर, एक एचपी लैपटॉप, मोबाइल अनलॉक करने वाले उपकरण तथा दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार, फेस-1 थाने की पुलिस टीम ने शुक्रवार को सेक्टर-14 स्थित गंदे नाले की पटरी से पवन और गोलू नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी नया बांस गांव, थाना फेस-1 क्षेत्र के निवासी हैं। इनके साथ एक नाबालिग भी शामिल था, जिसे पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। यह गिरोह दिल्ली, नोएडा, एनसीआर और आसपास के भीड़भाड़ वाले इलाकों में सक्रिय था। वारदात को अंजाम देने के लिए किशोर चलती गाड़ी के सामने अचानक आकर चोट लगने का नाटक करता था और जोर-जोर से चिल्लाने लगता था।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत संगम : कृष्णलाल पंवार

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 05 जून । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्णलाल पंवार ने मडलौडा स्थित अपने आवास पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा, एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने अपनी माताओं के सम्मान में एक-एक पौधा लगाने तथा उसके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया।



पौधारोपण के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कृष्णलाल पंवार ने कहा कि मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती है। जिस प्रकार मां हमें जन्म देकर हमारा पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार वृक्ष भी मानव जीवन को सुरक्षित और समृद्ध बनाने का कार्य करते हैं। इसलिए मां और प्रकृति दोनों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का सबसे सुंदर माध्यम एक पौधा लगाना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में चलाया जा रहा एक पेड़ मां के नाम अभियान आज एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है।यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने और भावनात्मक रूप से जोडने का भी कार्य कर रहा है।

मंत्री पंवार ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण, भूजल स्तर में गिरावट और बढ़ते तापमान जैसी चुनौतियां पूरी दुनिया के सामने गंभीर समस्या बनकर खड़ी हैं।इन चुनौतियों का सबसे प्रभावी समाधान अधिक से अधिक वृक्षारोपण और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण है। उन्होंने कहा कि एक विकसित और समृद्ध हरियाणा के निर्माण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसे वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल करनी चाहिए। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और नियमित देखरेख भी उतनी ही आवश्यक है। यदि प्रत्येक नागरिक अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने का संकल्प ले, तो आने वाले वर्षों में हरियाणा और देश का पर्यावरण और अधिक स्वच्छ एवं हराभरा बन सकता है।

विकास एवं पंचायत मंत्री ने युवाओं से विशेष रूप से आ'ान करते हुए कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में बढ़-चढकर भाग लें और सोशल मीडिया तथा जनसंपर्क के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और हरित वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मंत्री पंवार ने कहा कि हरियाणा सरकार गांवों और शहरों में हरित क्षेत्र बढ़ाने, जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पंचायतों को भी अधिकाधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली का विस्तार हो सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकताओं और नागरिकों ने अपने-अपने क्षेत्र में पौधारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# विकसित भारत अभियान की सफलता में सांसद नवीन जिंदल का कुरुक्षेत्र मॉडल पूरे देश के सामने पेश करेगा नजीर : डॉ.अर्चना गुप्ता

**विदेश में केवल स्किल आधारित युवाओं की जरूरत, फाउंडेशन करेगी लक्ष्य प्राप्ति में मदद : सांसद नवीन जिंदल**
**महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर और केआईएससी के बाद अब आरकेएसडी कैथल में जल्द शुरू होगा केआईएससी**
**नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा नवीन अवसर कार्यक्रम के तहत आयोजित अंतरराष्ट्रीय रोजगार महोत्सव में पहुंचे 5000 से अधिक युवा, विभिन्न कंपनियों ने लिया साक्षात्कार**




» **परमिंदर सिंह**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 05 जून । विदेश में रोजगार पाने के इच्छुक युवाओं के लिए सांसद नवीन जिंदल के मार्गदर्शन में नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सव आयोजित किया गया। नवीन अवसर कार्यक्रम के तहत हुए इस महोत्सव में हजारों की संख्या में युवा वर्ग में उत्साह दिखाया।


इस अवसर पर भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल युवाओं को रोजगार देने के मामले में देश के सामने आ रही चुनौती को स्वीकार करते हुए इससे निपटने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा कुरुक्षेत्र में किए जा रहे स्किल ट्रेनिंग में अन्य विकास कार्यों को लेकर कुरुक्षेत्र मॉडल पूरे देश के सामने एक नजीर पेश करेगा। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल की सोच है कि युवाओं के अंदर हुनर हो और वे स्किल में निपुण होने को प्राथमिकता दें ताकि रोजगार के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की बजाय खुद का सेटअप खड़ा किया जा सके। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा के युवा बेहद खुशनसीब है कि उन्हें नवीन जिंदल जैसे साधन संपन्न और प्रोग्रेसिव सोच रखने वाले सांसद मिले।

हिसार से विधायक एवं पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने कहा कि स्वर्गीय ओपी जिंदल जी ने कुरुक्षेत्र को हमेशा अपना परिवार माना है और यहां के लोगों की जिम्मेदारी अब सांसद नवीन जिंदल को मिली है। जिसे वह पूरी तरह से निभा रहे हैं। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि अपने चुनावी घोषणा पत्र के दौरान किए गए वादे को पूरा करते हुए उन्होंने 2 साल के अंदर कुरुक्षेत्र में आधुनिक स्किल सेंटर और बाबैन में महात्मा ज्योतिबा फुले आईटीआई की स्थापना का कार्य पूरा किया। पिछले एक साल के दौरान स्किल सेंटर के जरिए 2500 युवाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया गया। 15 कॉलेज और शिक्षण संस्थानों में फाउंडेशन ने अपने प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हुए हैं ताकि वहां के युवाओं को भी प्रशिक्षित किया जा सके। जल्द ही कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में भी कैथल इंटरनेशनल स्किल सेंटर शुरू होनेजा रहा है। सांसद ने कहा कि युवा विदेश जाने के लिए सही रास्ता चुने विदेश में तकनीक और टैलेंट की जरूरत है। जमीन बेचकर विदेश जाना समस्या का हल नहीं है, बल्कि स्किल आधारित ट्रेनिंग के जरिए किसी भी फील्ड में जाकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय रोजगार महोत्सव केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के अभियान को गति देने के लिए शुरू की गई निरंतर प्रक्रिया है। इसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी और सरकार के साथ मिलकर काम किया जाएगा। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल ने जो योजनाएं शुरू की हैं। उनसे कुरुक्षेत्र और कैथल के हजारों युवाओं को लाभ मिल रहा है। ऐसे सांसद के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना हम सब का दायित्व है।

# शहर की बहुचर्चित तीन अवैध कालोनियों की शिकायत पर शहरी निकाय मंत्री ने नगर निगम कमिश्नर से रिपोर्ट की तलब

- इन अवैध कालोनियों में नगर निगम द्वारा प्लाटों कीप्रॉपर्टी आईडी बना कर व तहसील में रजिस्ट्रियां करवा कर फजीर्वाड़ा किया जा रहा है ।

» **निर्मल सिंह विर्क**



**पानीपत, यूटर्न/ 05 जून ।** शहर में बन रही तीन अवैध कालोनियों के विरुद्ध शिकायत शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल तक पहुंचने पर महानिदेशक शहरी निकाय ने नगर निगम कमिश्नर डॉ पंकज यादव से बिंदुवार रिपोर्ट तलब की है ।शिकायत आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने की थी ।

शिकायतकर्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने बताया कि उनकी शिकायत पर इस मामले की जांच विजिलेंस एवं एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा भी की जा रही है ।कपूर ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि शहर में एक भाजपा विधायक व एक भाजपा सांसद द्वारा जीटी रोड़ मलिक पेट्रोल पम्प के पास दो एकड़ भूमि में व जाटल रोड़ पर नहर के पास चार एकड़ भूमि में अवैध मार्केट बनाई जा रही हैं। यहां पक्की सड़कें बना दी हैं,सीवर पाइप लाइन,पेयजल पाइप लाइन बिछा दी गई है,बिजली के खम्भे लगा दिए हैं ।इसी तरह हाली पार्क के सामने ओल्ड कोर्ट रोड़ पर एक पार्क की 3000 वर्ग गज भूमि सहित करीब दो एकड़ भूमि पर आवासीय कालोनी बनाई जा रही है,अवैध निर्माण जारी है। इन अवैध कालोनियों में नगर निगम द्वारा प्लाटों कीप्रॉपर्टी आईडी बना कर व तहसील में रजिस्ट्रियां करवा कर फजीर्वाड़ा किया जा रहा है ।

लेकिन जिला उपायुक्त व नगर निगम कमिश्नर आदि को बार बार शिकायतें करने के बावजूद नगर निगम पानीपत के कमिश्नर व डीटीपी जितेंद्र नेहरा कोई कारवाई नहीं कर रहे हैं ।जबकि गरीब तबके की कालोनियों में रोजाना बुलडोजर चलाए जा रहे हैं ।

कपूर ने इन तीनों अवैध कालोनियों पर बुलडोजर चला कर ध्वस्त करने,बनाई गई प्रॉपर्टी आईडी रद्द करने,रजिस्ट्रियां रद्द करने व भूमि माफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है ।

# कार्यालय में गठित कमेटियां यौन उत्पीडन.से संबंधित मामले की निष्पक्षता और समयबद्ध तरीके से करें जांच : रेणू भाटिया

- महिला आयोग को झूठी शिकायत करने वाली 10 महिलाओं के खिलाफ हुई कार्रवाई
- महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने यौन उत्पीडन. अधिनियम 2013 विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में महिलाओं को किया संबोधित

» **कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 05 जून ।**



हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने कहा कि कार्यालय में गठित कमेटियां यौन उत्पीडन.से संबंधित मामले की जांच को निष्पक्षता और समयबद्ध तरीके से करें, जो महिला गलत आरोप लगाए उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। अब तक 10 ऐसी महिलाओं के खिलाफ आयोग ने कार्रवाई की है, जिनके द्वारा लगाए गए आरोप झूठे पाए गए।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया शुक्रवार को स्थानीय पंचायत भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन.अधिनियम 2013 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सभी का अच्छा व्यवहार होना चाहिए। जिस कार्यालय में सभी अधिकारी व कर्मचारियों का व्यवहार अच्छा होगा वहां पर किसी भी प्रकार का कोई गलत मामला सामने नहीं आएगा। ऐसे कार्यालय में यौन उत्पीडन.जैसे घटनाएं नाममात्र होंगी।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने कहा कि हर कार्यालय में गठित कमेटी की पूरी जानकारी डिस्प्ले पर लगाई जानी चाहिए, इसमें चेयरमैन व अन्य सदस्यों की फोन नंबरों सहित सूची लगी होनी चाहिए। जब कार्यालय में कमेटी की जानकारी होगी तो किसी भी प्रकार की यौन संबंधी घटना होने पर पीड़ित शिकायत दे सकेंगी। जब तक महिला को कमेटी की जानकारी नहीं होती तब उन्हें शिकायत देने के बारे में भी नहीं पता होगा। उन्होंने कहा कि कमेटी द्वारा हर महीने एक बार बैठक करनी जरुरी है। इस बैठक में पॉश, बाल विवाह, पोस्को, लेबर लॉ सहित अन्य संबंधित विषयों पर चर्चा होनी चाहिए।इस दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत व परेशानी को दूर करने पर भी चर्चा को शामिल किया जाए।

# ऑडिट और ना ही बाय-लॉज में संशोधन तो फिर वैध कैसे भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण का चुनाव !

**सुनील बाजपेई/कानपुर, यूटर्न/ 05 जून ।** बहु-राज्यीय सहकारी संस्था 'भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड' में तथा कथित करोड़ों का घोटाला चर्चा का विषय बना हुआ है। नियमों को ताक पर रखकर कथित अवैध रूप से चुनाव कराने का भी आरोप लगाते हुए लगभग 70 करोड़ का बताया जाने वाला यह घोटाला उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में भी किए जाने के खिलाफ मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग भी सरकार से की गई है। इस संस्था के खिलाफ पूर्व में भी प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज होने की बात कही गई है। शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को इस बारे में दिए गये प्रार्थना पत्र के मुताबिक लालबाग, लखनऊ में पंजीकृत कार्यालय वाली इस संस्था के पूर्व प्रबंध निदेशक वी. कुमार (विजय कुमार) और स्वयं को सरकारी महाप्रबंधक बताने वाले बेलसर गोंडा के पवन कुमार पांडे पर अपने पदों का दुरुपयोग करने, कूटरचित फर्जी दस्तावेज बनाने और जाली शासनादेश तैयार कर शासकीय धन का गबन करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

# मिड-डे मील वर्कर्स युनियन द्वारा शिक्षा मंत्री आवास का घेराव कार्यक्रम 9 जून तक मीटिंग के चलते , स्थगित

**महंगाई के चलते महिला वर्कर को 7000/- में परिवार का गुजारा कर पाना असंभव : सुनील दत्त**

» **पानीपत, यूटर्न/ 05 जून ।**



सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन मजदूर संगठन से संबंधित मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा का 5 जून 2026 को पानीपत शिक्षा मंत्री के आवास कार्यक्रम के घेराव को शिक्षा मंत्री जी से यूनियन के प्रतिनिधि मंडल के साथ बातचीत के लिए 9 जून को चंडीगढ़ समय तय होने के चलते स्थगित कर दिया गया है।

सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त व मिड डे मील वर्कर्स यूनियन जिला प्रधान निर्मला अहलावत ने संयुक्त बयान जारी करते हुए बताया कि शिक्षा मंत्री महोदय जी के कार्यालय से गत दिनांक 3 जून 2026 को मिली सूचना के अनुसार शिक्षा मंत्री जी के पानीपत आवास के घेराव को स्थगित कर दिया है। आशा है कि यूनियन के राज्य प्रतिनिधिमंडल के साथ मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की सभी मांगों पर सकारात्मक दृष्टि से हरियाणा सरकार बातचीत करके समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 9 जून को होने वाली वार्ता पर ही निर्भर करेगा कि आंदोलन जारी रखना है कि नहीं। हमें पूरी उम्मीद है कि शिक्षा मंत्री जी मांग पत्र की सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए हरियाणा के शिक्षा विभाग के अंदर सरकारी स्कूलों में कार्य करने वाली मिड डे मील वर्कर्स जो सभी गरीब परिवारों से संबंध रखती हैं और विधवा महिलाएं भी हैं।

# आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण का सशक्त माध्यम है समाधान शिविर : अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल

» **हरियाणा, यूटर्न/ 05 जून ।**



अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने कहा है कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण का सशक्त माध्यम है। समाधान शिविर से आमजन के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास और संतोष की भावना सशक्त हुई है। प्रशासनिक कार्यशैली और संवेदनशील व्यवहार के साथ शिकायतों की सुनवाई कर समाधान शिविर आम जनता को राहत प्रदान कर रहे हैं।

वीरवार को लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में सातरोड कला निवासी कृष्ण कुमार की अधिकारियों द्वारा भूमि पैमाइश न करने संबंधी शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला राजस्व अधिकारी को मामले की जांच कर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गांव सिवानी बोलान के कुछ ग्रामीणों द्वारा बंद गली को खुलवाने की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को मौका मुआयना कर आगामी कार्यवाही अमल में लाने की हिदायत दी। एक प्रशिक्षु द्वारा सिविल अस्पताल में अप्रेंटिस करने उपरांत उसका बकाया स्टायफंड न देने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने सिविल सर्जन को मामले की पुख्ता से जांच कर प्रशिक्षु की समस्या का निदान करने को कहा।

# दिल्ली के लोधी कॉलोनी में दीवार गिरी; 3 मजदूर मलबे में दबे, 1 की मौत और 2 घायल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून ।**




दिल्ली के लोधी कॉलोनी इलाके में गुरुवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। लोधी होटल के पास सीवर पाइपलाइन के काम के दौरान एक बाउंड्री वॉल ढह गई, जिससे वहां काम कर रहे तीन मजदूर मलबे में दब गए। इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दर्दनाक घटना रात में करीब 1:18 बजे की है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार हुए तीनों मजदूरों की पहचान कर ली गई है। मृतक देवेंद्र (55 वर्ष) पुत्र अमीचंद के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है, जबकि दोनों घायल मजदूरों राजेश (48) पुत्र भगवती और उमर (20 वर्ष) पुत्र मुन्ना का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) को गुरुवार रात करीब 1:18 बजे लोधी होटल के पास दीवार गिरने की सूचना मिली, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। एसटीओ मनोज ने बताया कि सीवेज पाइपलाइन के काम के दौरान एक बाउंड्री वॉल ढह गई, जिसमें 3 लोग मलबे में फंस गए। स्थानीय निवासियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत मलबे को हटाना शुरू कर दो लोगों को बचाया और फायर ब्रिगेड के आने से पहले पीसीआर और कैट्स द्वारा एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।

# डीयू प्रोफेसर डेबोस्मिता पॉल की निर्मम हत्या, फ्लैट में मिला शव




**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून ।** दिल्ली विश्वविद्यालय की शिवाजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफेसर 42 वर्षीय डेबोस्मिता पॉल की हत्या कर दी गई। उनका शव गुरुवार दोपहर पूर्वी दिल्ली के वसुंधरा एन्क्लेव स्थित सत्यम अपार्टमेंट में उनके फ्लैट में मिला। पुलिस के अनुसार, न्यू अशोक नगर पुलिस स्टेशन को दोपहर 2:35 बजे पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। मृतका की बहन देवरति पॉल (49) ने सूचना दी कि उनकी बहन की हत्या कर दी गई है। देवरति पूरे दिन डेबोस्मिता से संपर्क करने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन फोन अनुत्तरित रहा।

चिंतित होकर वे उनके फ्लैट पहुंचीं। फ्लैट बाहर से बंद था। संदेह होने पर उन्होंने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बहन को बिस्तर पर मृत अवस्था में पाया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में पता चला कि डेबोस्मिता के सिर पर गंभीर चोटें हैं, जो किसी भारी वस्तु से मारी गई प्रतीत होती हैं। उनके हाथों पर चोटों के निशान भी मिले हैं, जिससे लगता है कि हमले में धारदार हथियार का भी इस्तेमाल किया गया। डेबोस्मिता पॉल अकेले रहती थीं, जबकि उनके माता-पिता पास ही रहते हैं। वे कॉलेज में बेहद लोकप्रिय और सम्मानित शिक्षिका थीं। उनकी विशेष रुचि विभाजन अध्ययन, भारतीय साहित्य, उत्तर-औपनिवेशिक साहित्य और अनुवाद अध्ययन में थी। उन्होंने 2016 में जामिया मिलिया इस्लामिया से पीएचडी पूरी की थी। इससे पहले वहीं से एमफिल और बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएशन तथा महाराजा अग्रसेन कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभी तक लूट की कोई आशंका नहीं है। मृतका के कान में पहने हुए झुमके बरामद हुए हैं और कोई सामान गायब नहीं है। हालांकि, लूट को पूरी तरह से खारिज नहीं किया गया है।

# गलत जगह पर गाड़ी पार्क की तो खैर नहीं!

## दिल्ली में पुलिस और एमसीडी के कर्मचारी रखेंगे पैनी नजर; कटेगा चालान

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून ।**



राजधानी दिल्ली में करोड़ों रुपये खर्च कर कई इलाकों में बहुमंजिला पार्किंग की सुविधा मुहैया करवाई गई है। इसके बावजूद लोग सड़कों पर बेतरतीब ढंग से अवैध रूप से वाहन खड़े करते हैं, जिससे जाम लगता है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और एमसीडी ने ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे, जो बहुमंजिला पार्किंग के आसपास अवैध रूप से सड़कों व फुटपाथ पर वाहन खड़े कर देते हैं। अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाना है, बल्कि लोगों को निर्धारित पार्किंग सुविधाओं का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित करना है।

**विशेष निगरानी रखी जाएगी :** शुरुआती चरण में छह प्रमुख बहुमंजिला पार्किंग स्थलों के आसपास विशेष निगरानी रखी जाएगी। इनमें कमला नगर स्थित स्पार्क माल, ग्रेटर कैलाश-1 का एम-ब्लाक मार्केट, हौज खास, कुतुब रोड, निजामुद्दीन बस्ती और परेड ग्राउंड क्षेत्र शामिल हैं।

## तेज आंधी बारिश से टीएचए में दस से अधिक इलाकों की बिजली हुई गुल

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 05 जून ।** तेज आंधी और बारिश से टीएचए में दस से अधिक इलाकों की बिजली गुल हो गई। कहीं पेड़ गिरने से लाइन फॉल्ट हुआ, तो कहीं बिजली के खंभों से ट्रांसफार्मर जमीन पर आ गिरे, इससे कई इलाकों में पांच से छह घंटे तक आपूर्ति ठप हो गई।

इंदिरापुरम, इंद्रप्रस्थ, भोपुरा, वैशाली, वसुंधरा, साहिबाबाद, राजेंद्र नगर समेत कई इलाकों में कहीं एक घंटे तो कहीं बारिश आंधी की वजह से छह घंटे तक लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा। इंदिरापुरम नीतिखंड निवासी सुदर्शन अवस्थी ने बताया कि दोपहर तीन बजे बिजली चली गई थी। वहीं, अभयखंड एक में करीब दो बजे से बिजली गुल रही। इसके बाद अचानक तेज हवा और बारिश शुरू होते ही कई जगहों पर बिजली के तार टूट गए और ट्रांसफॉर्मर तक गिर गए। स्थानीय लोगों को अंधेरे में रहना पड़ा। वहीं, मेरठ रोड स्थित फीडर पर भी पेड गिरने से परेशानी हुई। वहीं कई इलाकों में पोल गिरने से भी आपूर्ति बाधित रही। कई इलाकों में तेज आंधी की बारिश की वजह से पेड़ गिर गए थे। मौसम खराब होने से मरम्मत कार्य में थोड़ी दिक्कत आ रही थी। बारिश कम हुई तो कर्मचारी फॉल्ट लोकेशन लेकर मरम्मत जुट गए और बिजली बहाल की जा रही है।- बृजेश कुमार, मुख्य अभियंता, ऊर्जा निगम जोन तीन

# संक्षिप्त खबरें

## पड़ोसियों ने घर में घुसकर ननद-भाभी को पीटा, रिपोर्ट

**कौशांबी।** वैशाली सेक्टर एक निवासी निधि मिश्रा ने बुधवार रात पड़ोसी कुमार आलोक, स्वीटी, अदिति और अग्रांश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना 30 मई की है और उसी दिन पीड़िता ने शिकायत देकर मारपीट का आरोप लगाया था। दर्ज मामले में पीड़िता ने बताया कि शनिवार दोपहर वह अपनी भाभी के साथ घर पर थीं। उसी सयम चारों आरोपी दरवाजे पर आ गए। दरवाजा खोला तो देखा कि आरोपी उनके पिता से गाली-गलौज कर रहे हैं। जब उन्होंने कहा कि पिता अभी घर पर नहीं है तो कुमार आलोक ने उनका गला दबाने का प्रयास किया। शोर सुनकर भाभी बचाव करने लगी तो उसे भी पीटा। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## फ्लैट का ताला तोड़कर लाखों के नकदी-जेवरात चोरी

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 05 जून ।** नीतिखंड तीन निवासी राधा रमण के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के जेवरात और नकदी समेत कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरों ने वारदात दो जून को दिन-दहाड़े अंजाम दी और तीन जून को प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है। दर्ज मामले में राधा रमण ने बताया कि दो जून की सुबह पत्नी अनुराधा के साथ काम पर गए थे। शाम को जब अनुराधा लौटीं तो घर का ताला टूटा मिला। चोर घर से लाखों के जेवर और एक टीवी के अलावा सात हजार रुपये चुरा ले गए। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सर्विलांस टीम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## पीएनबी बैंक के एटीएम से टप्पेबाजों ने 14 दिन में निकाले सात लाख

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 05 जून ।** क्षेत्र के राजेंद्र नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एटीएम बूथ से चार माह में सात लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया है। संगठित गिरोह के कुछ सदस्यों ने 22 फरवरी से आठ मार्च के बीच जमा करने वाले मशीन में उपकरण लगाकर रुपये निकाले। ग्राहकों की शिकायत आने के बाद बैंक प्रबंधन ने जांच शुरू की तो इस मामले का पता चला। तीन जून की रात पुलिस ने बैंक शाखा प्रबंधक नितिन मोहन की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में नितिन मोहन ने बताया कि कई ग्राहकों ने एटीएम से बैंक खाते में रुपये जमा करने की प्रक्रिया के बावजूद खाते में रुपये न पहुंचने की शिकायत की थी।

# ग्रेटर नोएडा में मेड से मारपीट

## सैकड़ों घरेलू सहायिकाओं ने सोसायटी के बाहर किया प्रदर्शन

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 05 जून ।**



ग्रेटर नोएडा के चाई-5 क्षेत्र स्थित पूर्वांचल रॉयल सिटी सोसायटी में एक घरेलू सहायिका (मेड) के साथ कथित मारपीट की घटना के बाद शुक्रवार को भारी हंगामा देखने को मिला। इतना ही नहीं घटना से नाराज महिलाओं ने सोसायटी के बाहर प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया।

वहीं, घटना से नाराज बड़ी संख्या में घरेलू सहायिकाएं सड़क पर उतर आई और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते सैकड़ों महिलाएं एकत्र हो गईं और चुहरपुर अंडरपास के पास सड़क जाम कर अपना विरोध दर्ज कराया।

जानकारी के अनुसार, पूर्वांचल रॉयल सिटी सोसायटी में कार्यरत एक घरेलू सहायिका के साथ फ्लैट मालिकन द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर हुए विवाद के दौरान फ्लैट मालिकन ने घरेलू सहायिका को थप्पड़ मार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के क्षेत्रों में काम करने वाली अन्य घरेलू सहायिकाएं भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गईं और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने आरोप लगाया कि घरेलू कामगारों के साथ कई बार अभद्र व्यवहार किया जाता है और इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। महिलाओं ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। विरोध के दौरान चुहरपुर अंडरपास पर यातायात भी प्रभावित हुआ और कुछ समय के लिए वाहनों की आवाजाही बाधित रही।

घटना की सूचना मिलते ही थाना बीटा-2 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और स्थिति को नियंत्रित किया।

## विकसित भारत फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर आयोजित

# वृक्षारोपण कार्यक्रम में दिखाई एकता और जिम्मेदारी

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 05 जून ।**



अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर विकसित भारत फाउंडेशन ने अपने कार्यालय प्रांगण में हृदयस्पर्शी एवं विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन की पूरी टीम के साथ श्री हरि ओम यादव, ट्रैफिक पुलिस अधिकारी श्री राजकुमार एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और मिलकर एक हरित भविष्य के लिए प्रतिबद्धता जताई।

विकसित भारत फाउंडेशन लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण और सक्रिय हरित अभियानों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और फाउंडेशन के सीईओ ने कहा, 'पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह हर नागरिक का धर्म है। पेड़ लगाना हमारे मानव धर्म का अभिन्न हिस्सा है; हर वृक्ष हमारे आने वाली पीढ़ियों के लिए साफ हवा, ठंडी छाया और जीवन का संरक्षण देता है।'

सीईओ ने आगे कहा कि पिछले वर्षों में फाउंडेशन ने प्लांटेशन, वृक्ष संवर्धन और हरित जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का निरंतर प्रयास किया है। उन्होंने उपस्थित सभी स्वयंसेवकों, स्थानीय अधिकारियों और साझेदार संगठनों को धन्यवाद दिया और नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने स्तर पर अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं तथा मौजूदा पेड़ों की रक्षा करें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए, जिनमें स्थानीय (देशी) और प्रदूषणरोधी वृक्ष शामिल थे, ताकि पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बेहतर बना रहे और शहरी क्षेत्र में हरित आवरण बढ़े। उपस्थित लोगों ने मिलकर पौधरोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल, पानी का संचयन और भूमि संरक्षण पर भी संकल्प लिया।

विकसित भारत फाउंडेशन इस प्रकार के सामुदायिक-आधारित कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करके पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने, स्थानीय स्तर पर जीवनशैली में परिवर्तन लाने और स्थायी विकास लक्ष्यों के प्रति लोक सहभागिता सुनिश्चित करने का काम करता रहेगा।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# नीलकंठ मिश्रा होंगे विश्व बैंक में भारत के प्रतिनिधि, वैश्विक आर्थिक मंच पर निभाएंगे अहम भूमिका



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून।**

एक महत्वपूर्ण निर्णय में वरिष्ठ अर्थशास्त्री नीलकंठ मिश्रा को विश्व बैंक में भारत का कार्यकारी निदेशक (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) नियुक्त किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है। वह वॉशिंगटन डीसी स्थित विश्व बैंक मुख्यालय में तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए यह जिम्मेदारी संभालेंगे।

नीलकंठ मिश्रा, परमेश्वरन अय्यर की जगह यह पद संभालेंगे। अय्यर का कार्यकाल तब तक बढ़ाया गया है, जब तक मिश्रा आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण नहीं कर लेते। मिश्रा वर्तमान में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के अंशकालिक सदस्य भी हैं। विश्व बैंक के बोर्ड में वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह बोर्ड ऋण वितरण, विकास परियोजनाओं, वित्तीय नीतियों और प्रशासनिक निर्णयों की निगरानी करता है। यह पद भारत की आर्थिक कूटनीति से जुड़ी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक माना जाता है, जिसमें वैश्विक विकास वित्तपोषण, बुनियादी ढांचा निवेश, गरीबी उन्मूलन और आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होती है। नीलकंठ मिश्रा फिलहाल एक्सिस बैंक में मुख्य अर्थशास्त्री (चीफ इकोनॉमिस्ट) हैं। इसके साथ ही वह एक्सिस कैपिटल में वैश्विक शोध प्रमुख (हेड ऑफ ग्लोबल रिसर्च) और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में भी कार्यरत हैं।

# भारत की विकास रफ्तार तेज, यात्री वाहन बिक्री में जोरदार उछाल: पीयूष गोयल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून।**



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत की विकास यात्रा पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। उन्होंने देश के यात्री वाहन बाजार के मजबूत प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि मई 2026 में इस क्षेत्र में शानदार वृद्धि दर्ज की गई है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मई 2026 में भारत के यात्री वाहन बाजार में लगभग 4.4 लाख वाहनों की बिक्री हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस वृद्धि में प्रमुख वाहन निर्माता कंपनियों - मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा - की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

पीयूष गोयल ने कहा, 'भारत की विकास रफ्तार पूरी रफ्तार में है। मई 2026 में देश के यात्री वाहन बाजार में करीब 4.4 लाख यूनिट की बिक्री हुई, जो सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। यह बढ़त मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा मोटर्स और महिंद्रा ऑटो के नेतृत्व में हुई है और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मजबूत उपभोक्ता मांग को दर्शाती है।'

उन्होंने कहा कि भारत में बने वाहनों की बढ़ती मांग घरेलू विनिर्माण क्षेत्र में उपभोक्ताओं के बढ़ते विश्वास और देश के मजबूत ऑटोमोबाइल पारिस्थितिकी तंत्र को दर्शाती है।

मंत्री ने कहा, 'मेक इन इंडिया वाहनों की मजबूत मांग उपभोक्ताओं के बढ़ते भरोसे, फलते-फूलते विनिर्माण तंत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' विजन के परिवर्तनकारी प्रभाव को दिखाती है।'

पीयूष गोयल ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र की इस प्रगति को देश में चल रहे व्यापक आर्थिक बदलाव से भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' पहल ने विनिर्माण और औद्योगिक उत्पादन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र की यह गति नवाचार, उद्यमशीलता और 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को दर्शाती है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में योगदान दे रही हैं। मंत्री ने कहा, 'विकसित भारत की यात्रा नवाचार, उद्यमशीलता और 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं से संचालित हो रही है।'

इस महीने की शुरुआत में देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने मई में घरेलू बाजार में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की थी। कंपनी ने मई में डीलरों को 1,90,337 यात्री वाहन भेजे। उद्योग के अनुमान के अनुसार, यह पिछले वर्ष की तुलना में 39.99 प्रतिशत की वृद्धि है। इसके साथ ही, कंपनी ने अप्रैल में बनाए गए 1,87,704 यूनिट के अपने पिछले रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया।

# दो नई एसयूवी पेश करने की तैयारी में टोयोटा



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून।**

जापानी वाहन निर्माता टोयोटा जल्द ही अपने ग्राहकों के लिए दो नई और आकर्षक एसयूवी पेश करने की तैयारी में है। हाल ही में इन दोनों गाड़ियों की परीक्षण के दौरान ली गई तस्वीरें सामने आने के बाद वाहन प्रेमियों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। इन गाडियों में एक लोकप्रिय अर्बन क्रूजर हाइराइडर का सात सीटों वाला संस्करण होगा, वहीं दूसरी ओर प्रतिष्ठित फॉर्च्यूनर की नई पीढ़ी भारतीय सड़कों पर उतरने को तैयार है। टोयोटा अपनी सफल अर्बन क्रूजर हाइराइडर को अब बड़े परिवारों की जरूरतों के अनुरूप सात सीटों वाले रूप में पेश करने की योजना पर काम कर रही है, जिसके इस वर्ष के त्योहारी मौसम तक बाजार में आने की संभावना है। परीक्षण मॉडलों से संकेत मिले हैं कि नई गाड़ी का पिछला हिस्सा अधिक लंबा होगा ताकि अतिरिक्त सीटों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सके। यह मॉडल डेढ़ लीटर पेट्रोल इंजन के साथ उन्नत मिश्रित ऊर्जा प्रणाली में उपलब्ध होगा, जिसमें कुछ संस्करणों में चारों पहियों को शक्ति पहुंचाने वाली व्यवस्था भी मिल सकती है। इसकी कीमत लगभग 16 लाख रुपये से 24 लाख रुपये तक जा सकती है। वहीं, टोयोटा फॉर्च्यूनर की नई पीढ़ी वैश्विक स्तर पर अगले वर्ष मध्य तक प्रस्तुत हो सकती है, जबकि भारतीय बाजार में इसकी शुरुआत वर्ष के अंतिम महीनों में होने की उम्मीद है।

नई फॉर्च्यूनर को पहले से अधिक आधुनिक, आकर्षक और तकनीक से भरपूर बनाया जाएगा। इसमें सामने की ओर नई प्रकाश व्यवस्था, बड़ी जालीदार ग्रिल और नया बंपर देखने को मिल सकता है। यात्री कक्ष में बड़ा स्पर्श नियंत्रित सूचना और मनोरंजन तंत्र, पूर्णतः डिजिटल चालक प्रदर्शन पटल और उन्नत चालक सहायता प्रणालियां मिलने की संभावना है। इसमें नए डीजल इंजन के साथ अतिरिक्त विद्युत सहायता प्रणाली भी मिल सकती है, जिससे ईंधन की खपत कम होगी।

# फ्लिपकार्ट का नया दाव

## अब भुगतान से होगी बंपर कमाई!

**आईपीओ से पहले मुनाफे और मार्जिन पर नजर**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून।**

देश का सबसे बड़ा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट अपने संभावित आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) से पहले एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बदलाव के तहत भुगतान और वित्तीय सेवाओं पर अपना जोर बढ़ा रहा है। वालमार्ट के स्वामित्व वाली यह कंपनी राजस्व के नए स्रोतों और बेहतर मार्जिन की तलाश में है, जिसके लिए वह भुगतान सफलता दरों में सुधार और व्यापक लॉयल्टी कार्यक्रमों के विस्तार पर दाव लगा रही है। यह कदम एक परिपक्व उपभोक्ता इंटरनेट कारोबार के सामने आने वाले दबावों के बीच दोहरी जरूरत को दर्शाता है। राजस्व वृद्धि का नया समीकरण फ्लिपकार्ट में पेमेंट्स और सुपरकॉइन्स के उपाध्यक्ष गौरव अरोड़ा के अनुसार भुगतान अब कंपनी की वृद्धि के शीर्ष तीन या चार संचालकों में से एक बन गया है। भुगतान पूरा होने की दरों में हर एक प्रतिशत की बढ़ोतरी से सीधे तौर पर राजस्व वृद्धि भी उतनी ही बढ़ जाती है। कंपनी बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण जैसी तकनीकों के माध्यम से भुगतान अनुभवों को बेहतर बनाकर राजस्व बढ़ाने और लागत घटाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। भारत का सबसे बड़ा लॉयल्टी तंत्र बनाने की तैयारी फ्लिपकार्ट अपने सुपरकॉइन्स लॉयल्टी कार्यक्रम को भी व्यापक बना रहा है। अरोड़ा इसे फ्लिपकार्ट के अपने प्लेटफॉर्म से आगे राइड-हेलिंग, विमानन और अन्य ज्यादा इस्तेमाल वाली श्रेणियों तक ले जाने पर काम कर रहे हैं। लक्ष्य भारत का सबसे बड़ा लॉयल्टी तंत्र बनाना है, जिससे उपभोक्ताओं के लिए एक एकीकृत और आकर्षक रिवॉर्ड इकोसिस्टम तैयार हो सके। घटा घाटा, मजबूत हुई राजस्व वृद्धि आईपीओ से पहले कंपनी की वित्तीय सेहत भी मजबूत दिख रही है।

फ्लिपकार्ट इंटरनेट ने वित्त वर्ष 2025 में 20,493 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया, जो पिछले साल के मुकाबले 14 प्रतिशत अधिक है। नियामक सूचना के मुताबिक, शुद्ध घाटा भी 37 प्रतिशत कम होकर 1,494 करोड़ रुपये रह गया है, जो कंपनी की दक्षता और लाभप्रदता की ओर बढ़ते कदम को दर्शाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया 11 पैसे मजबूत होकर 95.63 प्रति डॉलर पर खुला

**रुपया पिछले दिन 95.74 पर बंद हुआ था**

**मुंबई, यूटर्न/ 05 जून।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति निर्णय से पहले रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 11 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.63 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.72 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में 95.63 प्रति डॉलर तक पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की मजबूती दर्शाता है। रुपया गुरुवार को दो पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.74 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.41 पर रहा।

### सुरक्षा खामियों के चलते मर्सिडीज-बेंज ने रिकॉल की 99 इलेक्ट्रिक गाड़ियां

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून।** अपनी उच्च श्रेणी की बैटरी चालित स्पोर्ट्स उपयोगी वाहन के 99 यूनिट्स को मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने वापस बुलाने का निर्णय लिया है। कंपनी ने यह कदम एक संभावित सुरक्षा खामी के चलते उठाया है। इन वाहनों के पहियों को सुरक्षित करने वाले बोल्ट निर्धारित सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं पाए गए हैं। इस तकनीकी गड़बड़ी से चलती गाड़ी में पहिया ढीला होने का खतरा है, विशेषकर तेज गति पर, जिससे गंभीर सड़क दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। कंपनी ने उन विशिष्ट वाहनों की पहचान कर ली है, जिनका निर्माण जुलाई 2024 और अगस्त 2025 के बीच हुआ था, और उसने संबंधित मालिकों से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। वाहन सुरक्षा विशेषज्ञों ने बताया कि पहियों की मजबूती वाहन की स्थिरता और नियंत्रण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और ऐसे में किसी भी ढीलेपन से ड्राइविंग सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ सकता है। हालांकि, वाहन उद्योग में निर्माता कंपनियों द्वारा सुरक्षा कारणों से गाड़ियां वापस बुलाना असामान्य नहीं है, क्योंकि वे छोटी से छोटी तकनीकी खामियों को भी गंभीरता से लेते हैं ताकि भविष्य में होने वाले बड़े हादसों को रोका जा सके। लग्जरी सेगमेंट में आने वाली यह बैटरी चालित स्पोर्ट्स उपयोगी वाहन देश के सबसे महंगे मॉडलों में से एक है, जिसकी शुरुआती कीमत लगभग 3.10 करोड़ रुपये है। यह 116 किलोवाट-घंटा क्षमता के बड़े बैटरी पैक से लैस है, जो एक बार चार्ज होने पर लगभग 473 किलोमीटर तक की प्रभावशाली रेंज प्रदान करने का दावा करता है।

# महंगाई और वैश्विक संकट के बीच आरबीआई ने रेपो रेट 5.25 फीसदी पर रखा स्थिर

**लोन की ईएमआई में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी, ब्याज स्थिर रहेगा**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून।**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमसीसी) ने शुक्रवार को रेपो रेट में महंगाई और वैश्विक संकट के बीच कोई बदलाव नहीं किया और इसे 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा। इसका मतलब है कि आपके लोन की ईएमआई में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी, आपके लोन का ब्याज स्थिर रहेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि दुनिया भर की आर्थिक परिस्थितियां अप्रैल की पिछली मौद्रिक नीति बैठक के बाद और चुनौतीपूर्ण हो गई हैं। संजय मल्होत्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और नाजुक युद्धविराम के कारण वैश्विक माहौल कमजोर हुआ है। इससे आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधा और ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इन कारणों से आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी पड़ सकती है और महंगाई बढ़ने का खतरा भी बना हुआ है। आरबीआई गवर्नर के अनुसार वैश्विक झटकों के बावजूद खुदरा महंगाई अभी केंद्रीय बैंक के लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। इसका कारण यह है कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर घरेलू बाजार पर सीमित रहा है। हालांकि आने वाले समय में महंगाई बढ़कर आरबीआई की तय सीमा के ऊपरी स्तर के करीब पहुंच सकती है।

मौद्रिक नीति समिति का मानना है कि महंगाई बढ़ने के जोखिम पहले की तुलना में ज्यादा हो गए हैं। ऐसे में स्थिति को और स्पष्ट होने देने के लिए फिलहाल इंतजार करना उचित रहेगा। इसी वजह से समिति ने रेपो रेट को स्थिर रखने का फैसला किया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### खेल नर्सरियों में कोच की मनमानी पर विभाग सख्त

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जून ।** जिले में संचालित खेल नर्सरियों में कोचों की मनमानी और लापरवाही के मामलों को गंभीरता से लेते हुए खेल विभाग सख्त नजर आ रहा है। जिला खेल अधिकारियों ने सभी खेल नर्सरियों का निरीक्षण पूरा कर लिया है और इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर ली है। यह रिपोर्ट शुक्रवार को मुख्यालय भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है। जानकारी के अनुसार जिले में वर्तमान में 29 खेल नर्सरियां संचालित हैं। पिछले कुछ समय से इन नर्सरियों में कोचों के समय पर नहीं पहुंचने और प्रशिक्षण कार्य में लापरवाही बरतने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। शिकायतों के मद्देनजर जिला कार्यकारी खेल अधिकारी नीरेश यादव ने विभिन्न खेल नर्सरियों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कोच निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं मिले। कुछ नर्सरियों में प्रशिक्षण व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इसके बाद विभाग ने सभी तथ्यों को शामिल करते हुए रिपोर्ट तैयार की है। अधिकारियों का मानना है कि रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कोचों और नर्सरी संचालकों के खिलाफ आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं। खेल विभाग के अधिकारियों ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को निखारने और खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए सरकार हर वर्ष लाखों रुपये खर्च करती है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि खिलाड़ियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिले और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

### बुढ़िया नाले पर बनेगा फोर लेन पुल, सेक्टर-45 और ग्रीन फील्ड के बीच खत्म होगी दूरी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जून ।** शहर की सबसे बड़ी कनेक्टिविटी समस्याओं में से एक का समाधान अब धरातल पर उतरता दिखाई दे रहा है। सेक्टर-45 और ग्रीन फील्ड कॉलोनी के बीच बहने वाले बुढ़िया नाले पर प्रस्तावित फोर लेन पुल के निर्माण की दिशा में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्राधिकरण ने इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर), सिविल एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन, एप्रोच रोड डिजाइन और निर्माण के दौरान तकनीकी निगरानी के लिए तकनीकी पहलुओं पर काम शुरू कर दिया है। यह परियोजना केवल एक पुल तक सीमित नहीं है, बल्कि फरीदाबाद के दो बड़े रिहायशी क्षेत्रों के बीच वर्षों से चली आ रही भौगोलिक बाधा को समाप्त करने वाली योजना मानी जा रही है। वर्तमान में बुढ़िया नाला दोनों इलाकों के बीच प्राकृतिक अवरोध बना हुआ है, जिसके कारण लोगों को कई किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ता है।

## लोधी रोड पर सीवर के काम के दौरान श्मशान घाट की दीवार गिरी; एक की मौत, दो घायल

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून ।**



लोधी रोड पर दयानंद श्मशान घाट की दीवार सीवर लाइन के लिए चल रही खुदाई के दौरान गिर गई, जिससे तीन मजदूर मलबे के नीचे दब गए। हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। दोनों घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना रात करीब 1 बजे हुई, जब श्मशान घाट के पास मजदूर नाली खोदने का काम कर रहे थे। दीवार के अचानक गिरने से मौके पर अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शी भगवान दास ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि जब यह घटना हुई, तब निर्माण कार्य चल रहा था।

उन्होंने कहा कि मजदूर काम कर रहे थे, तभी अचानक दीवार गिर गई। मलबे के नीचे तीन लोग दब गए। उनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस करीब 20 मिनट में मौके पर पहुंची और पीड़ितों को बाहर निकाला।

दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के अधिकारियों ने पुष्टि की कि पाइपलाइन बिछाने के काम के दौरान दीवार गिरने से तीन मजदूर मलबे के नीचे दब गए थे। बचाव दलों को तुरंत मौके पर भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि मलबे को हटाने और बचाव कार्यों में मदद के लिए रात में जेसीबी मशीनें लगाई गई थीं।

## द्वारका पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हत्या के प्रयास में तीन साल से फरार घोषित अपराधी गिरफ्तार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून ।**




द्वारका जिले की एंटी-बर्गलरी सेल ने हत्या के प्रयास के एक मामले में पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहे घोषित अपराधी (प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर) को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अवनीश उर्फ कुनाल (28) के रूप में हुई है, जिसे विकास नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया। द्वारका जिला पुलिस के अनुसार, आरोपी अवनीश उर्फ कुनाल को थाना डाबरी में दर्ज एफआईआर संख्या 824/2022 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 307/34 (हत्या का प्रयास) के मामले में 16 फरवरी 2023 को द्वारका कोर्ट द्वारा घोषित अपराधी घोषित किया गया था। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता पर चाकू से जानलेवा हमला करने के बाद फरार हो गया था। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी ने अपना पुराना पता छोड़ दिया और विकास नगर क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर पुलिस से बचता रहा। द्वारका के डीसीपी कुशल पाल सिंह के निर्देश पर जिले की एंटी-बर्गलरी सेल लगातार घोषित अपराधियों और गंभीर मामलों में फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी।

# 19 मस्जिदों पर नमाज सकुशल कराने के लिए एक हजार पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात



**» खोड़ा, यूटर्न/ 05 जून ।**

सूर्या हत्याकांड के बाद सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए खोड़ा को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है। शुक्रवार को 19 मस्जिदों पर नमाज सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस, पीएसी, आरएएफ, आरआरएफ की बटालियन समेत एक हजार पुलिसकर्मी क्षेत्र में तैनात रहेंगे।

साथ ही पूरे क्षेत्र की ड्रोन कैमरों से निगरानी कराई जाएगी। दरअसल, खोड़ा में 19 मस्जिद और चार मदरसे हैं। इनमें से दो मदरसों को सील किया जा चुका है और एक पर नोटिस चस्पा किया गया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने सुरक्षा बलों का सहयोग कर नमाज शांतिपूर्ण ढंग से कराने की बात कही है। दरअसल, सूर्या हत्याकांड के बाद कुछ हिंदू संगठनों की ओर से जुमे की नमाज न करने देने की चेतावनी दी गई है। उसी के मद्देनजर खोड़ा में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जा रहा है।

**45 गैंगस्टर चिह्नित, सत्यापन के बाद होगी कार्रवाई :** खोड़ा पुलिस के तीन दिवसीय सत्यापन अभियान में हिस्ट्रीशीटर समेत 1600 अपराधियों को चिंहित किया गया। इस दौरान पुलिस ने 45 गैंगस्टर की कुंडली निकालकर उनको रडार पर लिया है। इन सभी के सत्यापन की प्रक्रिया भी शुरू करते हुए जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### फांसी की उठाई मांग, संगठित रहने का किया आह्वान

सूर्या हत्याकांड के बाद से पीड़ित परिवार से बृहस्पतिवार को साध्वी प्राची मिलने पहुंची और सांत्वना दी। उन्होंने सूर्या की मां सरोज से कहा कि समुदाय विशेष के धार्मिक शिक्षण संस्थान अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं। इसलिए एक रहोगे तो सेफ रहोगे। वहीं, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने पीड़ित परिजन से मिलकर सांत्वना दी और कहा कि परिवार को सरकार से भी उम्मीदें थीं वह सभी पूरी हुई हैं। सरकार की तत्परता से खोड़ा में बाकी गुंडे भी सबक सीख गए हैं और खोड़ा छोड़कर भाग गए। अवैध संस्थानों को चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं, नोएडा सिटिजन फोरम की कार्यकारी अध्यक्ष शालिनी सिंह ने खोड़ा पहुंचकर सूर्या के हत्यारोपियों के लिए फांसी की सजा की मांग की है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सूर्या के भाई यश को योग्यता के आधार पर इंदिरापुरम स्थित स्कूल में नौकरी देने का भी आश्वासन दिया है। बृहस्पतिवार को युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह, आशीष यादव, आकाश शर्मा, बॉबी मावी, बॉबी शर्मा व अन्य लोग भी मिलने पहुंचे।

### अतिक्रमण की कार्रवाई टली, 16 जून पर टिकी निगाहें

बृहस्पतिवार को खोड़ा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई स्थगित कर दी गई। हालांकि सुबह से ही खोड़ा में टीमों के आने की चर्चाएं लोगों के बीच में चर्चा का विषय बनी रही। अंदेशा जताया जा रहा है कि जुमे की नमाज के बाद खोड़ा में बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाया जाएगा। अब सभी की निगाहें 16 जून को होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं। सूर्या हत्याकांड के मुख्यारोपी असद के मकान को ध्वस्त किए जाने की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।

कानून व्यवस्था और सुरक्षा के लिहाज से क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। जुमे की नमाज सकुशल संपन्न होने तक सुरक्षा कर्मी मुस्तैद रहेंगे।--- अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी इंदिरापुरम

### पेसमेकर मरीजों को मिलेगी नियमित निगरानी और विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जून ।** नीलम बाटा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में हृदय रोगियों के लिए समर्पित पेसमेकर क्लीनिक की शुरूआत की गई है। इस क्लीनिक में पेसमेकर और अन्य इंप्लांटेड कार्डियाक डिवाइसों की नियमित जांच, बैटरी मूल्यांकन, डिवाइस प्रोग्रामिंग, रिदम असेसमेंट तथा विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

क्लीनिक प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे बुधवार तथा चौथे शनिवार को संचालित होगा। विशेषज्ञों के अनुसार पेसमेकर लगवाने के बाद उसकी समय-समय पर जांच बेहद जरूरी होती है, ताकि डिवाइस की कार्यक्षमता, बैटरी की स्थिति और किसी संभावित गड़बड़ी का समय रहते पता लगाया जा सके।

### थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों को मिला स्वास्थ्य और शिक्षा का संबल

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जून ।** थैलेसीमिया से जूझ रहे बच्चों के लिए यथार्थ हॉस्पिटल, सेक्टर-20 में आयोजित विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर उम्मीद और खुशियों का संदेश लेकर आया। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के सहयोग से आयोजित शिविर में दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल से आई विशेषज्ञ टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम का नेतृत्व थैलेसीमिया विशेषज्ञ डॉ. अमिता महाजन ने किया। शिविर के दौरान बच्चों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। वहीं दो जरूरतमंद बच्चों को समाजसेवी तुलसी दास मेहंदीरत्ता के सहयोग से लैपटॉप भेंट किए गए, जिससे उनकी शिक्षा को नई दिशा मिल सके। कार्यक्रम में उन चार बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

# कलायत के मनखुश ने JEE Advanced में गाड़े सफलता के झंडे, हासिल किया ऑल इंडिया 1000वां रैंक

**शिक्षा भारती विद्या निकेतन के छात्र ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, खेती में पिता का हाथ बंटाते हुए पाई ऐतिहासिक सफलता**

मोबाइल का सकारात्मक इस्तेमाल कर मनखुश ने पेश की मिसाल, विद्यालय में हुआ भव्य स्वागत

**» रवि जैस्ट**



कलायत, यूटर्न/ 05 जून ।स्थानीय कस्बे के 'शिक्षा भारती विद्या निकेतन' के होनहार छात्र मनखुश ने देश की सबसे कठिन 'जेईई एडवांस्ड' परीक्षा में ऑल इंडिया 1000वां रैंक (अक्षक 1000) हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नर्सरी कक्षा से इसी स्कूल में पढ़ रहे मनखुश ने इससे पहले जेईई मेन्स में भी 97.988732 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए थे। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय परिसर में ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया, जहां स्कूल के अध्यक्ष कुलदीप बिढाण और एमडी जितेंद्र सिंह बिढाण ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। मनखुश की यह सफलता आज के युवाओं के लिए एक बड़ी मिसाल और प्रेरणा है।

ग्रामीण परिवेश से आने वाले मनखुश दिनभर अपने पिता देवी दयाल के साथ खेतों में हाड़-तोड़ मेहनत करते थे और रात को जागकर पढ़ाई में जुट जाते थे। सोशल मीडिया से दूर रहकर उन्होंने स्मार्टफोन का केवल पढ़ाई के लिए सकारात्मक इस्तेमाल किया।

### बर्खास्त कर्मचारी की बहाली को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल 11वें दिन भी जारी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 05 जून ।** बर्खास्त स्वास्थ्य कर्मी सुखबीर की बहाली की मांग को लेकर जिला नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल ग्यारहवें दिन भी जारी रही। हड़ताली कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय के बाहर धरना दिया और सरकार व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों ने रोज की तरह सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव भी किया।

बाद में सिविल सर्जन ने कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया। उन्होंने बताया कि बर्खास्त कर्मचारी की सेवाएं बहाल कराने के लिए उच्च अधिकारियों से बातचीत चल रही है और एक-दो दिन में सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधिकारियों का रुख सकारात्मक है। धरने को सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ और सर्व कर्मचारी संघ ने भी समर्थन दिया। संघ के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए आंदोलन को जायज बताया। वहीं अपनी मांगों को लेकर स्टाफ नर्सों ने भी कामकाज रोककर धरने में भागीदारी की। इस दौरान कर्मचारियों ने जुलूस निकालकर नगरपालिका कार्यालय और बीके चौक तक मार्च किया तथा वापस धरनास्थल पहुंचकर सिविल सर्जन का घेराव किया। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि सुखबीर की बहाली होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि 19 मई को कथित अनियमितता के आरोप में सुखबीर को सेवा से बर्खास्त किया गया था, जिसके विरोध में स्वास्थ्य कर्मचारी लगातार आंदोलन कर रहे हैं।



## फैशन का वास्तविक अर्थ महंगे कपड़े पहनना नहीं

लोकप्रिय धारावाहिक 'अनुपमा' की कलाकारों ने स्टार प्लस के विशेष कार्यक्रम 'फैशन के रंग, रिश्तों के संग' में देश की विविध संस्कृतियों और परंपराओं को आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत किया। इस दौरान अभिनेत्री रुपाली गांगुली, अद्रिजा रॉय और नेहा ने फैशन, सोशल मीडिया के प्रभाव और बदलते ट्रेंड्स पर अपने विचार साझा किए। कलाकारों का मानना रहा कि फैशन का वास्तविक अर्थ महंगे कपड़े पहनना नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और सहजता के साथ स्वयं को प्रस्तुत करना है। कार्यक्रम में रुपाली गांगुली ने अपने लोकप्रिय किरदार अनुपमा से जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि वह स्वयं को किसी एक राज्य की पहचान तक सीमित नहीं मानतीं। उनके अनुसार, अनुपमा देशभर की महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला किरदार है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जहां भी वह जाती हैं, लोग उन्हें अनुपमा के रूप में पहचानते हैं, जो उनके लिए सम्मान और उपलब्धि की बात है।



## नानी का हौसला पूरे परिवार के लिए प्रेरणा स्रोत है: अंकिता लोखंडे

अपनी नानी के 84वें जन्मदिन के अवसर पर लोकप्रिय अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने एक भावुक पोस्ट साझा की और नानी को श्रद्धा और प्रेम से भरी शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री ने जन्मदिन समारोह की खास झलकियां साझा की। उन्होंने बताया कि उनकी नानी आंशिक लकवे से प्रभावित होने के बावजूद आज भी आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं और उनका हौसला पूरे परिवार के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अंकिता द्वारा साझा किए गए वीडियो में वह पीले रंग की साड़ी पहने अपनी नानी का हाथ थामकर कार्यक्रम स्थल तक ले जाती दिखाई देती हैं। वीडियो में परिवार के अन्य सदस्य भी जन्मदिन समारोह में शामिल नजर आते हैं। इस खास मौके पर परिवार ने नानी के जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव का जश्न मनाया। अभिनेत्री ने बताया कि उनकी नानी ने 84 वर्ष की आयु पूरी करने के साथ-साथ अपने जीवन में एक हजार पूर्ण चंद्रमा देखने का दुर्लभ अवसर भी प्राप्त किया है, जिसे कई परंपराओं में विशेष उपलब्धि माना जाता है।

# इलियाना ने

## अपने परिवार से जुड़ा भावुक पल किया साझा



सोशल मीडिया के माध्यम से अभिनेत्री इलियाना डिक्रूजा अपने प्रशंसकों के साथ लगातार जुड़ी हुई हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने परिवार से जुड़ा एक खास और भावुक पल साझा किया, जिसने उनके प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित किया। इलियाना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उनके ससुर मुस्कुराते हुए मेज के सामने बैठे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में उनके सामने जन्मदिन का एक आकर्षक केक रखा हुआ दिखाई देता है। इस तस्वीर की खास बात यह रही कि यह केक किसी बेकरी से मंगवाया नहीं गया था, बल्कि इलियाना ने अपने हाथों से तैयार किया था। अभिनेत्री ने इस अवसर पर अपने ससुर के प्रति स्नेह और सम्मान व्यक्त करते हुए लिखा कि उन्होंने अपने सबसे अच्छे ससुर के जन्मदिन को खास बनाने के लिए प्रेम से यह केक बनाया है। प्रशंसक अभिनेत्री के इस पारिवारिक और सादगी भरे अंदाज की सराहना कर रहे हैं। फिल्मी दुनिया की चमक-दमक से दूर इलियाना इन दिनों अपने परिवार और बच्चों के साथ समय बिताने को प्राथमिकता दे रही हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी झलकियां साझा करती रहती हैं, जिन्हें उनके प्रशंसक काफी पसंद करते हैं। इलियाना डिक्रूजा ने अमेरिकी व्यवसायी माइकल डोलन से निजी समारोह में विवाह किया था। उपलब्ध विवाह पंजीकरण विवरणों के अनुसार दोनों ने 13 मई 2023 को शादी की थी। इसके कुछ महीनों बाद अगस्त 2023 में उन्होंने अपने पहले बेटे कोआ फीनिक्स डोलन का स्वागत किया। वहीं जून 2025 में अभिनेत्री दूसरी बार मां बनीं और उन्होंने अपने दूसरे बेटे कीनू को जन्म दिया। अभिनय करियर की बात करें तो इलियाना ने वर्ष 2006 में देवदासु से फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने दक्षिण भारतीय सिनेमा में कई सफल फिल्मों में काम कर अपनी पहचान बनाई। हिंदी सिनेमा में उन्होंने वर्ष 2012 में बर्फी! के जरिए प्रवेश किया। इस फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों और समीक्षकों ने काफी सराहा तथा उन्हें सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला।

## ऋषभ का ध्यान अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना

### उपकप्तानी से हटाये जाने से नाराज नहीं : टेन डोशेट



**मोहाली, यूटर्न/ 05 जून ।** पिछले कुछ समय से खराब दौर से गुजर रहे भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का ध्यान अब शनिवार से अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू हो रहे एकमात्र क्रिकेट टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना है। ऋषभ इस मैच में लय हासिल कर आने आने वाली सीरीज के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना चाहेंगे। इससे पहले आईपीएल में वह कप्तानी और बल्लेबाजी दोनो में असफल रहे थे जिसके बाद उनको लखनऊ सुपरजायंट्स की कप्तानी से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद उन्हें टेस्ट टीम की उपकप्तानी से भी बाहर कर दिया गया है हालांकि वह इससे निराश नहीं हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट टीम में वह विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ही उतरेंगे। वहीं इस मैच से पहले भारत के सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने कहा कि 28 साल के इस बल्लेबाज से चयनकताओं से कोई समस्या नहीं है पर टीम प्रबंधन चाहता है कि वह अपनी बल्लेबाजी में पुरानी लय हासिल करें। डोशेट ने कहा, 'लीडर बनने के लिए औपचारिक पद की जरूरत नहीं होती। हमें उनसे उम्मीद है कि वह अपनी बल्लेबाजी को हालातों के अनुसार ढालेंगे। उन्होंने उपकप्तानी से हटाए जाने पर कोई शिकायत भी नहीं की है।'

## वैभव का आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए चयन तय

**मुम्बई, यूटर्न/ 05 जून ।** 15 साल के भारते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम में चुना जाना तय नजर आ रहा है। वैभव ने पिछले कुछ समय में जैसी बल्लेबाजी की है। उससे उनको टीम से बाहर रखना संभव नजर नहीं आता। इंडियन प्रीमियर लीग वैभव ने सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप जीतकर अपने को साबित कर दिया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई ) चयनकर्ता शनिवार शनिवार को मुंबई में होने वाली बैठक में टीम चयन के दौरान ही उनके नाम पर भी मोहर लगा सकते हैं। माना जा रहा है कि उन्हें इन दोनों टीमों के लिए शामिल किया जाएगा। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, 'वैभव को पहली बार टीम इंडिया में मौका मिलने जा रहा है। चयनकर्ता 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक और उसी साल ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्वकप को देखते हुए टीम तैयार कर रहे हैं।' वैभव ने आईपीएल से पहले अंडर 19 विश्वकप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता था। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। आईपीएल में उन्होंने 237.30 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और 16 मैचों में कुल 776 रन बनाकर टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में ऑरेंज कैप जीत का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 16 मैचों में 72 छक्के लगाए। यह किसी भी खिलाड़ी द्वारा टी20 सीरीज या टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा हैं।

# किम जोंग उन ने परमाणु कार्यक्रम को और तेज करने के दिए आदेश

## नए संयंत्र का किया निरीक्षण

» **प्योंग यांग, यूटर्न/ 05 जून ।**

तानाशाह किम जोंग उन ने देश के एक नए परमाणु सामग्री उत्पादन संयंत्र का निरीक्षण कर उत्तर कोरिया की परमाणु क्षमता को और विस्तार देने का आदेश दिया है। मीडिया के अनुसार, किम ने कहा कि बीते पांच वर्षों में हथियार-ग्रेड परमाणु सामग्री के उत्पादन की क्षमता दोगुने से अधिक बढ़ चुकी है और नए संयंत्र के जरिए इस और अधिक मजबूत किया जाएगा।



मीडिया द्वारा जारी तस्वीरों में उन को सेंट्रीफ्यूज की लंबी श्रृंखलाओं का निरीक्षण करते हुए देखा गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इस नए संयंत्र में पहले की तुलना में अधिक आधुनिक और उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे परमाणु सामग्री उत्पादन की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी पहले ही उत्तर कोरिया के योंगब्योन और कांगसॉन स्थित यूरेनियम संवर्धन केंद्रों की गतिविधियों को लेकर चिंता जता चुका है। एजेंसी ने हाल में योंगब्योन में एक नए संवर्धन केंद्र के निर्माण की जानकारी भी दी थी। हालांकि, किम ने जिस नए संयंत्र का दौरा किया, उसकी सटीक लोकेशन सार्वजनिक नहीं की गई है। अमेरिकी कांग्रेसनल रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया के पास करीब 90 परमाणु वारहेड तैयार करने लायक सामग्री मौजूद है और वह करीब 50 वारहेड पहले ही तैयार कर चुका है। देश ने ऐसी अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों का भी परीक्षण किया है, जिन्हें अमेरिका तक पहुंचने में सक्षम माना जाता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया अब केवल परमाणु अनुसंधान तक सीमित नहीं है, बल्कि बड़े पैमाने पर परमाणु सामग्री और हथियार उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वहीं, वैश्विक स्तर पर भी परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ रही है।

'न्यूक्लियर वेपन्स बैन मॉनिटर 2026' के अनुसार, दुनिया में तैनाती योग्य परमाणु वारहेड की संख्या 9,745 तक पहुंच चुकी है, जबकि रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका अब भी सबसे बड़े परमाणु शस्त्रागार वाले देश बने हुए हैं।

# रेगिस्तान में भीषण गर्मी के बीच खराब हुआ ट्रक, प्यास से तड़पकर 49 की मौत

**अस्सामाका, यूटर्न/ 05 जून ।** पश्चिम अफ्रीका के नाइजर में एक बेहद दुखद और दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है, जहां भीषण गर्मी और पानी की कमी के कारण दर्जनों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। सहारा रेगिस्तान के एक बेहद सुदूर और खतरनाक इलाके में यात्रियों से भरा एक ट्रक अचानक खराब हो गया। तीखी और जानलेवा गर्मी के बीच बीचों-बीच रेगिस्तान में फंसे इन लोगों के पास पीने का पानी खत्म हो गया, जिसके चलते प्यास से तड़प-तड़पकर 49 यात्रियों की मौत हो गई। प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, यह दर्दनाक घटना अस्सामाका से करीब 80 किलोमीटर दूर एक अत्यंत सुदूर इलाके में हुई। अस्सामाका नाइजर और अल्जीरिया के बीच का एक प्रमुख क्रॉसिंग पॉइंट है, जो माली सीमा के बेहद नजदीक स्थित है। बताया जा रहा है कि यह सभी लोग एक मुस्लिम त्योहार में शामिल होने के बाद माली से अपने घरों को लौट रहे थे। यात्रा के दौरान अचानक उनके वाहन में तकनीकी खराबी आ गई। ड्राइवर, उसके सहायकों और यात्रियों ने चिलचिलाती धूप में गाड़ी को दुरुस्त करने की लाख कोशिशें कीं, लेकिन वे इसे दोबारा चालू करने में पूरी तरह नाकाम रहे। चारों तरफ फैली गर्म रेत और झुलसाने वाली गर्मी के बीच गाड़ी में रखा सारा पानी जल्द ही समाप्त हो गया। इस निर्जन इलाके में दूर-दूर तक पानी या भोजन की कोई व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण यात्रियों के लिए वहां जिंदा बचना नामुमकिन हो गया और एक-एक करके 49 लोगों ने दम तोड़ दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका ने क्यूबा के राष्ट्रपति पर नये दबाव अभियान के तहत प्रतिबंध लगाये

**न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 05 जून ।** अमेरिका ने क्यूबा पर दबाव बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल और कई अन्य लोगों एवं संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिये हैं। अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर गुरुवार को जारी जानकारी के अनुसार विभाग ने डियाज-कैनेल, चार अन्य लोगों और पांच संस्थाओं (जिनमें क्यूबा का 'रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस' मंत्रालय भी शामिल है) को विशेष रूप से नामित नागरिकों और प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची में शामिल किया है। डियाज-कैनेल ने 2018 में राउल कास्त्रो की जगह क्यूबा के राष्ट्रपति का पद संभाला था। मई में अमेरिकी सरकार ने क्यूबा के 11 अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए थे और 1996 में क्यूबा से निर्वासित लोगों से जुड़ी एक घटना को लेकर राउल कास्त्रो पर आरोप लगाए थे।

### आवारा कुत्तों के लिए भिड़ रहे मेक्सिको और ब्राजील, जता रहे अपना हक

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 05 जून ।** पूरी दुनिया में अक्सर सीमाओं, व्यापार या ऐतिहासिक धरोहरों को लेकर देशों के बीच विवाद देखने को मिलते हैं, लेकिन इन दिनों लैटिन अमेरिका के दो बड़े देशों के बीच एक आवारा कुत्ते की नस्ल को लेकर अनोखी कूटनीतिक तकरार छिड़ गई है। मेक्सिको और ब्राजील के बीच कारोमेलो नाम की एक बेहद लोकप्रिय आवारा कुत्ते की नस्ल पर अपना हक जताने को लेकर मनमुटाव लगातार बढ़ता जा रहा है। विवाद की मुख्य वजह मेक्सिको द्वारा इस नस्ल को अपने देश की राष्ट्रीय धरोहर घोषित करना है, जिससे ब्राजील के नागरिक बेहद आहत और नाराज हैं। सच ये है कि आज भले ही दोनों देश इस अनोखे कुत्ते को अपनी राष्ट्रीय धरोहर बताते हुए इस पर अपना-अपना दावा ठोक रहे हैं, लेकिन कड़वी सच्चाई यह भी है कि दोनों ही देशों में इस नस्ल के लाखों कुत्ते आज भी सड़कों पर बेसहारा और लावारिस घूमने को मजबूर हैं। यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब मेक्सिको ने आधिकारिक तौर पर इस कुत्ते की नस्ल को विशुद्ध मेक्सिकन घोषित कर दिया। जैसे ही यह खबर ब्राजील पहुंची, वहां के लोगों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। ब्राजील के नागरिकों ने इस फैसले का सार्वजनिक रूप से कड़ा विरोध किया और अपनी सरकार से मांग की है कि वे इस नस्ल को ब्राजील की पहचान के रूप में संरक्षित करने के लिए जरूरी कदम उठाएं।

# पाकिस्तान में आतंकवाद बंद होने तक सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी : भारत



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 05 जून ।**

भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को लेकर अपना रुख दोहराते हुए शुक्रवार को स्पष्ट किया कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह और विश्वसनीय तरीके से बंद नहीं करता, तब तक यह संधि स्थगित रहेगी।

विदेश मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया पाकिस्तान द्वारा चिनाब-ब्यास लिंक टनल परियोजना और सलाल बांध जलाशय से गाद निकालने की भारत की योजनाओं पर आपत्ति जताए जाने के बाद आई है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया था कि भारत पानी को 'हथियार' के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है। नई दिल्ली में साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान एमईए के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने सिंधु जल संधि को स्थगित कर रखा है और यह तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त नहीं कर देता।'

जम्मू-कश्मीर में स्विट्जरलैंड के राजदूत की यात्रा पर पाकिस्तान की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और स्विस राजदूत या किसी भी अन्य देश के राजदूत को वहां जाने की पूरी स्वतंत्रता है।

भारत ने पिछले महीने भी सिंधु जल संधि, 1960 के तहत कथित रूप से गठित तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय (कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन) के फैसले को खारिज करते हुए उसे 'शून्य और अवैध' बताया था।

एमईए ने कहा था कि 15 मई 2026 को अवैध रूप से गठित तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय ने सिंधु जल संधि की व्याख्या और अधिकतम जल भंडारण क्षमता से जुड़े मामले में एक फैसला जारी किया था, जिसे भारत पूरी तरह अस्वीकार करता है।

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत ने कभी भी इस तथाकथित न्यायाधिकरण के गठन को मान्यता नहीं दी है। इसलिए इसकी कोई भी कार्यवाही, फैसला या आदेश भारत की नजर में कानूनी रूप से मान्य नहीं है।

गौरतलब है कि सिंधु जल संधि पर भारत और पाकिस्तान के बीच 19 सितंबर 1960 को हस्ताक्षर हुए थे। यह संधि सिंधु नदी प्रणाली की नदियों के जल उपयोग से संबंधित है। पिछले वर्ष पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने संप्रभु अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए संधि को स्थगित करने का निर्णय लिया था। भारत का कहना है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना विश्वसनीय और स्थायी रूप से बंद नहीं करता, तब तक संधि बहाल नहीं की जाएगी।

विदेश मंत्रालय ने पहले भी कहा था कि संधि के स्थगन की अवधि में भारत उस संधि के तहत अपने दायित्वों का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है। साथ ही किसी भी मध्यस्थता न्यायालय, विशेषकर भारत द्वारा अवैध माना जाने वाला न्यायाधिकरण, को भारत के संप्रभु निर्णयों की वैधता की समीक्षा करने का अधिकार नहीं है।




# दुनिया भर के टकलों ने लंदन में मनाया खुलकर जश्न

**लंदन, यूटर्न/ 05 जून ।** लंदन के सोहो इलाके में बीते दिनों गंजे पुरुषों के लिए खास मेला आयोजित किया गया, जिसमें दुनिया भर के देशों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने गंजेपन का खुलकर जश्न मनाया। बीती 14 मई को किए गए इस आयोजन ने दुनिया भर के लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। आमतौर पर बाल झड़ने को लेकर लोग चिंता और तनाव में रहते हैं, लेकिन इस आयोजन में गंजेपन को गर्व, आत्मविश्वास और खुशी के साथ सेलिब्रेट किया गया। यह अनोखा इवेंट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जहाँ इसकी तस्वीरें और वीडियो लोगों को चौंका रहे हैं और आकर्षित कर रहे हैं। वायरल तस्वीरों और वीडियो में देखा जा सकता है कि बड़ी संख्या में गंजे पुरुष एक जगह इकट्ठा हुए और उन्होंने जमकर मस्ती की। कोई फ्री बीयर का आनंद लेता नजर आया तो कोई संगीत की धुन पर नाचता दिखा। कई लोग एक-दूसरे से गले मिलते और अपने अनुभव साझा करते दिखाई दिए, जिससे एक अद्भुत समुदाय और अपनेपन का माहौल बन गया। आयोजकों ने इस कार्यक्रम को 'बाल्ड प्राइड' यानी गंजेपन का गर्व नाम दिया था। आयोजकों का कहना है कि समाज में गंजेपन को अक्सर मजाक या शर्म से जोड़कर देखा जाता है.

# पाकिस्तान में मई माह में आतंकी हिंसा की घटनाओं में हुई 27 फीसदी की बढ़ोतरी

## आतंकी हमलों में 71 नागरिक, 68 सुरक्षाकर्मी और शांति समितियों के 6 सदस्य मारे गए

» **इस्लामाबाद, यूटर्न/ 05 जून**

पाकिस्तान में आतंकवाद का संकट गहराता जा रहा है जिस आतंकवादी नेटवर्क को लेकर देश पर सालों से आरोप लगते रहे हैं, अब वही उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक मई माह में पाकिस्तान में आतंकी हिंसा की घटनाओं में 27 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक मई में देशभर में 128 आतंकी हमले हुए, जबकि अप्रैल में यह संख्या 101 थी। रिपोर्ट बताती है कि कुछ समय की गिरावट के बाद आतंकी और उग्रवादी संगठनों ने फिर से अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक मई में आतंकवादी हमलों में 71 नागरिक, 68 सुरक्षाकर्मी और शांति समितियों के 6 सदस्य मारे गए। वहीं 147 नागरिक, 35 सुरक्षाकर्मी और 3 शांति समिति सदस्य घायल हुए। आंकड़े बताते हैं कि अप्रैल के मुकाबले नागरिक मौतों में 92 फीसदी और सुरक्षाबलों की मौतों में 143 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक मई में कुल 6 आत्मघाती हमले हुए, जिनमें 4 वाहन आधारित आत्मघाती विस्फोट शामिल थे। इन हमलों में 34 सुरक्षाकर्मी और 9 नागरिक मारे गए थे। इसके विपरीत मार्च और अप्रैल में केवल एक-एक आत्मघाती हमला दर्ज किया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा प्रभावित प्रांत बलूचिस्तान रहा। यहां मई में 71 हमले दर्ज किए गए, जबकि अप्रैल में यह संख्या 34 थी यानी एक महीने में 109 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। सुरक्षा स्थिति बिगड़ने का असर अपहरण की घटनाओं पर भी दिखाई दिया। देशभर में दर्ज 54 अपहरण मामलों में से 52 अकेले बलूचिस्तान में हुए। हालांकि बढ़ती हिंसा के बीच पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने भी बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान चलाए। मई में सुरक्षा बलों ने 270 आतंकियों को मार गिराया और 15 अन्य को गिरफ्तार किया। मारे गए आतंकियों में 128 पूर्व फाटा क्षेत्र, 62 खैबर पख्तूनख्वा, 71 बलूचिस्तान और एक पंजाब प्रांत में ढेर किए गए। विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान के सामने अब दोहरी चुनौती है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *